**खबर संक्षेप**

### यातायात के उल्लंघन पर की गई चालानी कार्रवाई

**उमरियापान।** यातायात के नियमों का उल्लंघन पर उमरियापान पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चलानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला हैं। चालकों और वाहन मालिकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षा मानकों को लेकर जागरूक किया। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि बस स्टैंड पर आने वाहनों के दस्तावेज जांचे।नियमों का पालन नहीं करने पर 10 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई किया। इसके अलावा पुलिस ने क्षेत्र में संचालित स्कूलों की बसों की जांच की। बसों के कागजात देखा। स्कूल संचालकों, वाहन चालकों और परिचालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की समझाइश दिया।

### मैजिक एवं आटो की टक्कर लगने से दो लोग हुए घायल

**कटनी।** कोतवाली एवं बड़वारा थाना अंतर्गत हुए हादसों में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत नन्हवारा कला में मैजिक वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुधीर उर्फ धीरू सिंह क्षत्री निवासी नन्हवारा कला थाना बड़वारा को मैजिक वाहन क्र. एमपी 21-जी-2536 के चालक ने टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत बाबा घाट के पास चंदन पांजा (30) साल निवासी उत्तर मारकंदपुर थाना पापुरा जिला पुरवा मेदिनीपुर बेस्ट बंगाल हाल राहुल बाग थाना कोतवाली आटो क्र. एमपी 21 जेडजी 0640 के चालक ने टक्कर मार दी। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कटनी।** एक युवक पर चाकू से हमला किये जाने की घटना सामने आई है। घटना रंगनाथ नगर थाना अंतर्गथ धाऊ चक्की के पास हुई। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक सदन कोल निवासी ग्राम भूला स्लीमनाबाद से चार पांच युवकों ने विवाद शुरू कर दिया।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, दोनो पक्षों पर मामला दर्ज

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला कोतवाली थाना अंतर्गत जमोड़ी टोला का है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गीता आदिवासी पति मनोज आदिवासी निवासी जमोड़ी टोला थाना कोतवाली के साथ सुनील आदिवासी व उसकी बहन सीता आदिवासी ने मारपीट की। इस विवाद में राजू आदिवासी घायल हो गया। इसी तरह दूसरे पक्ष की ओर से सीता कोल पति शंकर कोल निवासी ग्राम जमोड़ी कैलवारा खुर्द के साथ राजू आदिवासी ने मारपीट की।

### 14 गांव में बिजली की बनी रहती है समस्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा**

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के मुरवारी, सनकुई,खाम्हा, अंतर्वेद, गनयारी, अमगवां,बिजौरा, देवरी , बिछिया, पिपरिया,बरही करही, नैनवां, परसेल,14 ग्रामों में बिजली की समस्या का सामना कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने काफी लंबे समय से सब स्टेशन की मांग उठाई है। यह समस्या बिजली की अनियमित आपूर्ति, बार-बार कटौती, और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण है, जिससे स्थानीय लोगों की दैनिक जीवन में बाधा उत्पन्न हुई हो रही है। यह समस्या मुरवारी से लगे 14 ग्रामों में बिजली आपूर्ति अनियमित है। बार-बार बिजली कटौती और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## शादी के लिए राजी नहीं होने पर नाराज था प्रेमी

# प्रेमिका के पिता की गोली मारकर हत्या

**सतना**







मैहर के रामनगर थाना क्षेत्र के रामचुआ गांव में एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार रात 9 से 9.30 बजे के बीच युवती के पिता महेंद्र सिंह खेत पर बने घर के बाहर लेटे हुए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए आरोपी ध्रुव कुमार बाइक से मौके पर पहुंचा। उसने महेंद्र सिंह के सीने पर देशी कट्टे से गोली चला दी,जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन घर के बाहर दौड़कर आए तो महेंद्र खून से लथपथ नीचे पड़े थे,वहीं,दो युवक बाइक से भागते नजर आए। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। घेराबंदी और सर्चिंग भी की गई लेकिन उस समय आरोपी नहीं मिला।

फिलहाल उसकी तलाश जारी है। जल्द ही आरोपी को पकड़ कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी के मुताबिक परिवार ने बताया कि महेंद्र की बेटी के साथ आरोपी ध्रुव कुमार शादी करना चाहता था,लेकिन महेंद्र को ये मंजूर नहीं था। महेंद्र के इनकार से आरोपी नाराज था। आरोपी उत्तर प्रदेश के झांसी के पास का रहने वाला है।

### 2023 में महेंद्र की बेटी से हुई थी मुलाकात

दरअसल गांव के किसान महेंद्र सिंह की बेटी रीवा में पढ़ाई कर रही थी। वहीं 2023 में उसकी मुलाकात ध्रुव कुमार से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और नजदीकियां बढ़ीं। ध्रुव कुमार उससे मिलने उसके गांव भी आता था। जानकारी के मुताबिक ध्रुव कुमार उससे शादी करना चाहता था लेकिन पिता महेंद्र सिंह को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। उन्होंने कई बार ध्रुव को मना किया,फिर भी वह उनकी बेटी का पीछा नहीं छोड़ रहा था।परेशान होकर महेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ध्रुव की पिटाई की थी। थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है।पड़ोस के युवक ने बताया कि जिस वक्त घटना हुई हम लोग अपने घर में थे। रोने की आवाज सुनकर पहुंचे तब तक वो लोग भाग गए थे।

## चाकू अड़ा कर चाचा भतीजे को लूटा, झड़प में भतीजा घायल



मैहर।

मैहर में कटनी से खरीदी कर लौट रहे व्यवसाई चाचा भतीजे सहित ड्राइवर का पैसा और मोबाइल लूट कर फरार हो गए वहीं चाकू के वार से भतीजे प्रकाश घायल हो गया। यह मामला मैहर जिले के अमदरा थाना अंतर्गत झुकेही के पास की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मैहर के व्यापारी राकेश अग्रवाल उम्र 54 वर्ष,प्रकाश अग्रवाल 36 वर्ष एवं ड्राइवर रामानंद गौतम उम्र 56 वर्ष कटनी से खरीदी कर लौट रहे थे कि तभी झुकेही के पास नेशनल हाइवे 30 में शनिवार की रात 09 बजे के आस पास बाथरूम करने के लिए रुके तभी सामने से एक युवक मुंह बांधे आया और उनसे पूछताछ करने लगा तभी तीन लोग और वहां पहुंच गए।बताया गया है कि उन चारों लड़कों ने दोनों चाचा भतीजे और ड्राइवर को चाकू आड़ा दिए जिसमें प्रकाश और लुटेरों के बीच झूमा झपटी हुई जिसमें चाकू से वार के दौरान प्रकाश के हाथ में गंभीर चोट आई है। इस लूट की घटना में प्रकाश से आठ हजार नगद और 40 हजार का मोबाइल, राकेश से 15 हजार नगद एवं ड्राइवर से 2 हजार रुपया लेकर चारों लुटेरे फरार हो गए। इस घटना की जानकारी देते हुए व्यवसायियों ने सुबह अमदरा थाना पहुंच कर मामला दर्ज कराया। जिसपर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए चारों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मैहर में स्वच्छता अभियान बना कागजी घोड़ा!



मैहर

मैहर नगर पालिका परिषद की निष्क्रियता के कारण बजबजा रही नालियों के साफ न होने का खामियाजा बरसात में नगर की जनता को भुगतना पड़ेगा। नगर की जनता के द्वारा कहा जा रहा है कि बरसात लग चुकी है मगर अभी तक वार्डो की भठी नालियों को साफ नहीं कराया गया है जिसके चलते पानी का बहाव बंद हो गया है और बरसात होने पर पानी की निकासी न होने के कारण नालियों का कचरा सड़कों में बहेगा और लोगों के घर में घुसेगा। वार्ड की जनता के द्वारा नगर पालिका परिषद का ध्यान आकृष्ठ कराया गया है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। जब कि सफाई कर्मियों की नगर पालिका में भरमार है।मगर ये सफाई कर्मी किस वार्ड में सफाई का कार्य करते कोई नहीं जानता है। यह भी बताया जाता है कि सफाई के नाम काफी गोलमाल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वच्छता अभियान अब सिर्फ सोशल मीडिया की पोस्टों तक सिमट गया है। आज जमीनी हकीकत वार्ड क्रमांक 10 की गली में साफ दिखती है। बीरबहादुर के सामने की ये गली इतनी बदहाल है कि चार पहिया वाहन निकलना भी मुश्किल है। कीचड़,कचरा और अव्यवस्था का अंबार प्रशासन की पोल खोल रहा है। परिषद के अधिकारी आंख मूंदे बैठे है। जनता अब समझ चुकी है कि सफाई के नाम पर चलाए जानेवाला स्वच्छता अभियान मात्र ढकोसला रह गया है।

## दर्शन करने मैहर जा रहा था परिवार, ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

# बांधी मौहार में दर्शनार्थियों से भरा पिकअप पलटा,11 लोग जख्मी

**सतना**

सोमवार की सुबह करीब 10 बजे राम वन गमन पथ पर बांधी मौहार गांव के पास एक पिकअप क्रमांक एमपी 17 जेडसी 0697 अनियंत्रित होकर पलट गया। गाड़ी में 20 लोग सवार थे,जिनमें से 6 नीचे दब गए और गर्म सब्जी गिरने से झुलस गए। मौके से गुजर रहे लोगों ने रुककर उन्हें निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के देवरी चकदही गांव के लोग पिकअप में सवार होकर मैहर दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने खाना बनाया और टंकियों में भरकर गाड़ी में रखा। जब गाड़ी पलटी तो कई लोग उसके नीचे दब गए। इसी दौरान उनके ऊपर टंकियों में रखा खाना गिर गया, जिससे वो झुलस गए।

### दर्शन के बाद कथा करने वाला था परिवार

राहगीरों ने घायलों को निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। परिवार मैहर में दर्शन के बाद कथा का आयोजन भी करने वाला था।











पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घायल के नाम

चुनवादी रावत 45 वर्ष,बूटा रावत 38 वर्ष,अमन रावत13 वर्ष,अभियन्स रावत 3 वर्ष,नीलम रावत 35 वर्ष शामिल हैं।

### गर्म सब्जी से झुलसे लोग

उमेश रावत 19 वर्ष,डब्बू रावत 16 वर्ष,शिवम रावत 20 वर्ष संगीता रावत 30 वर्ष,राजा रावत,मोहित रावत 14 वर्ष शामिल हैं।

## इस बार 21 हजार पौधे लगाएगा नगर निगम, बैठक में रूपरेखा तैयार






**सतना।** अमृत मित्र पहल अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री वृक्षारोपण अभियान के तहत इस बार शहर में 21 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सिलसिले में सोमवार को नगर निगम के सभागार में एक बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें पौधारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। यह जानकारी महापौर योगेश ताम्रकार ने दी। बैठक में हिदू पर्व समन्वय समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, सीएसपी देवेंद्र सिंह,स्पीकर पालन चतुर्वेदी सहित निगम के पार्षद सहित स्थानीय समाजसेवी मौजूद रहे। बताया गया कि पौधरोपण के लिए शहर में 154 स्थानों को चिन्हित किया गया है। पौधों की सुरक्षा के लिए सीमेंट कंपनियों द्वारा ट्री गार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। महापौर ने यह भी बताया कि विगत वर्ष सोहावल से कृपालपुर तक लगाए गए पौधों में 80 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। पिछले दिनों मध्य प्रदेश सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग द्वारा सर्वे भी किया गया। उन्होंने बताया कि सफल पौधारोपण के मध्य नजर इसी महीने 5 तारीख को सतना नगर निगम को मुख्यमंत्री द्वारा अवार्ड दिया जाएगा।

## सीमेन्ट फैक्ट्री की ब्लास्टिंग से घरों की छतें धराशायी



**मैहर।** मैहर की सीमेंट कंपनी के द्वारा मनमानी ब्लास्टिंग किए जाने से बदेरा अंतर्गत आने वाले ग्राम सड़ेरा के अधिकांश घरों में दरारें आ चुकीं हैं वहीं विगत दिनों कई मकानों के छत धराशायी हो गए। जिससे गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि सीमेंट कंपनी की मनमानी ब्लास्टिंग के कारण जीना दुर्भर हो गया है। सीमेंट फैक्ट्ररी के द्वारा गांव के पास ब्लास्टिंग करने से ग्रामीणजन हमेशा दहशत में रहते है कि कब किसका घर किस समय गिर जाए कहा नही जा सकता है। ब्लास्टिंग के कारण घरों की छतों में दरारें आ चुकी जिसके चलते बरसात में चूने लगता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया मगर कार्रवाई करना तो दूर शांत रहने को कहा जाता है।

## टिकुरिया टोला में युवक को पीटकर सोने की चेन और 5 हजार लूटे



**सतना।** कोलगंवा थाना क्षेत्र में एक युवक से लूटपाट की घटना सामने आई है। टिकुरिया टोला पानी टंकी के पास रविवार रात साढ़े दस बजे की यह घटना है।पीड़ित रणवीर सोनकर ने बताया कि वह घर जा रहा था।इसी दौरान टिकुरिया टोला के साई,मुन्ना,भुल्ला और दो अन्य युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने रणवीर के साथ मारपीट की। उसकी सोने की चेन और जेब में रखे 5 हजार रुपए छीन लिए। मारपीट की आवाज सुनकर जब मोहल्ले के लोग मौके की तरफ दौड़े,तो आरोपी भाग निकले। घायल रणवीर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने कोलगंवा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आशा कार्यकर्ताओं ने मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा


**मैहर।** सोमवार की दोपहर जिले भर की सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने आशा ऊषा महिला संगठन के द्वारा मैहर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिह को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस बारे में जानकारी देते हुए आशा कार्यकर्ता विमला जायसवाल ने बताया कि शासन द्वारा 23 जुलाई 2023 में घोषणा की गई थी कि प्रति वर्ष एक हजार रुपए वेतन वृद्धि करने का वादा किया गया था जो आज तक नहीं दिया गया जिसको लेकर आशा ऊषा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि आशाओं का तीन माह का रूटीन प्रोत्साहन राशि के भुगतान के साथ उसकी रशीद दी जाए,ग्रामीण एवं शहरी आशा कार्यकर्ताओं को सामान्य कार्य का भुगतान सामान्य किया जाए,आशा कार्यकर्ताओं की गैर विभागीय कार्यों पर रोक लगाई जाए,कार्यकर्ताओं की रिटायरमेंट समय सीमा को 60 वर्ष से बढ़ा कर 62 वर्ष किया जाए एवं रिटायरमेंट के साथ ही दस लाख रुपए दिया जाए,आशा कार्यकर्ताओं के 24 घंटे प्रसव पीड़ा का कार्य के दौरान स्मार्ट फोन एवं इंटरनेट बैलेंस के साथ दिया जाए,कार्यकर्ताओं को किराया भत्ता भी दिया जाए,आशा और ऊषा कार्यकर्ताओं के दुर्घटना में घायल होने पर विभाग के द्वारा इलाज कराया जाए। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आशा ऊषा कार्यकर्ताओं के द्वारा दिए गए ज्ञापन को लेते हुए विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया

## मैहर अस्पताल में नहीं रहेगी प्राइवेट एंबुलेंस, मरीजों के साथ पैसों का खेल नहीं होगा बर्दाश्त : विधायक

**मैहर।** अस्पताल में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने औचिक निरीक्षण किया और एक लंबे समय से जानकारी मिल रही थी कि प्राइवेट एंबुलेंस द्वारा कहीं ना कहीं मरीजों से मनमाने पैसे लेने का काम कर रहे थे जिसके बाद औचिक निरीक्षण पर मैहर विधायक अस्पताल पहुंचे जहां पर प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को जमकर फटकार लगाई इसके साथ-साथ कड़े शब्दों में कहा कि मैहर सिविल अस्पताल परिसर पर प्राइवेट एंबुलेंस बिल्कुल भी नहीं दिखाई देनी चाहिए सरकार के द्वारा लगातार जनहित और स्वास्थ्य को लेकर लगातार कार्य किया जा रहे हैं और एंबुलेंस की संख्या भी बढ़ाई जा रही है लेकिन प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की वजह से कहीं ना कहीं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कड़े शब्दों में अस्पताल प्रबंधन को कहा है कि प्राइवेट एंबुलेंस अस्पताल परिसर पर नहीं दिखाई देने चाहिए और जो भी मरीज हैं उन्हें शासकीय सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके इस तरह के निर्देशों से मैहर में मैहर विधायक की जमकर सराहना हो रही है।

**खबर संक्षेप**

## एन.आर.सी. पवई में मनाया गया दो वर्षीय ऋषभ का जन्म दिन



**पवई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई मे संचालित एन आर सी मे कुपोषण बीमारी से पीड़ति बच्चों का सिर्फ इलाज भर नही हो रहा है बल्की भर्ती अवधि के दौरान किसी नन्हे बच्चे का दिन आता है तो उसे बडे ही उल्लास और उगंग के साथ एन आर सी स्टाफ एवं कुपोषित बच्चों के बीच रहने वाली महिला परिजनों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाने की शुरूआत डाक्टर ओम हरि शर्मा ने सोमवार को की ग्राम अलतहाई निवासी रिषभ रैकवार 28 मई को भर्ती हुआ था जिसकी जन्म तिथि 2/6/2023 है डाक्टर श्री शर्मा एवं रागनी पटेल रचना शर्मा के मन विचार आया क्यो न अपन भी नन्हे नन्हे बच्चों की खुशी के लिए उनके जन्म दिन को एन आर सी मे धूमधाम के साथ मनाना शुरू किया जिसकी शुरुआत सोमवार से की गई है इस दौरान एन आर सी मे खुशी का माहौल देखने को मिला।

## पवई ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का हुआ समापन



**पवई।** छत्रसाल स्टेडियम पवई में खेल युवा कल्याण विभाग पन्ना द्वारा बीते 1 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था जिसका समापन सोमवार को पुष्पेंद्र पटेल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय पवई के मुख्य आतिथ्य एवं गणेश सिंह प्रधान आरक्षक के विशिष्ट आतिथ्य, मोहम्मद मुस्तकीन खान पन्ना व पत्रकारों की मौजूदगी में किया गया छात्र छात्राओं ने खेल प्रशिक्षण में खो खो बालीवाल एवं अन्य खेलों को प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से खेला गया प्रशिक्षण में शामिल बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए गणेश सिंह द्वारा सभी बच्चों को एक-एक टी-शर्ट देने की बात करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया ,कार्यक्रम का संचालन विवेक शंकर सिंह द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के आयोजक सत्यम पाठक खेल प्रभारी शिवम बाल्मिक सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

**खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का किया गया था आयोजन**

### बगैर ई-केवायसी के नहीं मिलेगा खाद्यान्न

# कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों को विभिन्न स्तर पर विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा है कि प्राथमिकता के साथ सही व सटीक प्रतिवेदन दर्ज कर शिकायतों का निराकरण कराएं। आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत समाधान के विषयों सहित 100 दिवस से अधिक समय की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण तथा समय सीमा में लोक सेवा गारंटी एवं वर्तमान माह में प्राप्त शिकायतें भी निराकृत की जाएं। राजस्व विभाग द्वारा आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज प्रकरणों विशेषकर सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की भी प्रभावी कार्यवाही की जाए। साथ ही स्वामित्व योजना में वांछित प्रगति लाना सुनिश्चित करें। टीएल और जनसुनवाई पत्रों का भी शीघ्रता से निराकरण किया जाए।

कलेक्टर श्री कुमार ने समस्त राजस्व अधिकारियों को अधीनस्थ पटवारियों की नियमित रूप से कर्त्तव्य पर उपिस्थ्त सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा अन्यथा ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले पटवारियों के साथ राजस्व अधिकारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही होगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि डैशबोर्ड पर 16 विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर प्रदर्शित होने वाली जिले की रैंक में सुधार के लिए प्रमुख रूप से राजस्व एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा अभियान मोड में कार्यवाही कर अपेक्षित प्रगति लाई जाए। वर्तमान में राजस्व विभाग अंतर्गत बंटवारा, सीमांकन और अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों में जिले की प्रगति कम है। इसी तरह स्वरोजगारमूलक विभागों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को माहवार लक्ष्य निर्धारित कर स्वीकृत प्रकरणों के वितरण के निर्देश भी दिए। इस संबंध में जिला अधिकारियों को अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को लक्ष्य वितरण के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा लीड बैंक प्रबंधक को भी आगामी 19 जून के पूर्व समस्त बैंकर्स को हितग्राहीमूलक योजनाओं में ऋण प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमपी टॉस पोर्टल अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रकरणों की स्वीकृति व वितरण तथा स्थानीय निकायवार समग्र ई-केवायसी प्रगति की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा बैंकर्स को वसूली कैंप शिविर के कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही एमएलसी एवं पोस्टमॉर्टम की थानावार ऑनलाइन रिपोर्ट की नवीन प्रक्रिया, एसडीएम तहसीलदार द्वारा प्रतिबंधात्मक एवं बाउण्ड ओवर कार्यवाही में तत्परता, आगामी 12 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सागर में प्रस्तावित समीक्षा बैठक के लिए समय पूर्व जरूरी तैयारी, आगामी तीन माह मे सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण, बरसात पूर्व नालों की सफाई, 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतीकस्वरूप पौधरोपण की तैयारी, श्री जुगल किशोर लोक का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व शेष अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई इत्यादि के संबंध में भी चर्चा की गई।

### जिले को कुपोषणमुक्त बनाने की दिशा में करें सार्थक प्रयास-

कलेक्टर ने कहा कि जिले को कुपोषणमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जाए। इसके लिए सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों को प्रभावी बनाने की कार्ययोजना पर कार्य करें। अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान एनआरसी की व्यवस्था व सुविधाओं का अवलोकन करें। एसडीएम निरीक्षण के दौरान केन्द्रों में उपचाररत कुपोषित बच्चों के डिस्चार्ज के तत्काल बाद भर्ती होने वाले कुपोषित बच्चों के संबंध में वांछित जानकारी रखें। किसी भी स्थिति में यह प्रयास हो कि गर्भावस्था के प्रारंभ से ही महिलाओं को समुचित जांच व उपचार की सुविधा मिले।

### ई-ऑफिस पर करें नवीन फाइल का जनरेशन-

कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब तक 26 विभाग एवं शाखाएं ई-ऑफिस पर ऑनबोर्ड हो चुके हैं। अब इन विभाग अथवा शाखाओं द्वारा नवीन फाइल का क्रिएशन अथवा जनरेशन एवं मूवमेंट ई-ऑफिस पर सुनिश्चित कराया जाए। अवकाश संबंधी अथवा अन्य फाइलों का मूवमेंट भी ई-ऑफिस पर प्रारंभ किया जाए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग सहित शेष 19 विभागों के अधिकारियों को ई-ऑफिस पर तत्काल ऑनबोर्ड होने के संबंध में वांछित कार्यवाही पूर्ण करने के लिए कहा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। आगामी दिवसों में विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी ई-ऑफिस का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाना है।



### जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में रहें उपस्थित-

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी जिलाधिकारी अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर संवेदनशीलता के साथ आम जनता की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान समयबद्ध रूप से आवेदक की समस्या का निराकरण किया जाए और विधिवत पंजी संधारित कर आवेदनों का इन्द्राज भी किया जाए। लोगों से सुगमतापूर्वक भेंट एवं संवाद कर आवेदक को आवेदन की प्राप्ति भी दें। टीएल बैठक में जिले के भीतर लोकसेवकों के स्थानांतरण के संबंध में अनिवार्य रूप से परीक्षण उपरांत 3 जून तक प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। इसके अलावा आगामी 7 जून तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि के बाद केवल ई-केवायसी करा चुके हितग्राहियों को ही खाद्यान्न मिलेगा। केवायसी पूर्ण कराने की बढ़ी हुई अवधि के बाद भी पात्र हितग्राहियों के खाद्यान्न से वंचित होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी। इसलिए शेष 5 दिवसों में गंभीरतापूर्वक ई-केवायसी कार्य पूर्ण कराया जाए। साथ ही चिन्हांकित अपात्र हितग्राहियों का डाटा भी पोर्टल से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आगामी माह में एक साथ तीन माह के राशन का वितरण हितग्राहियों को किया जाना है। इसलिए विशेष निगरानी के साथ वास्तविक पात्र हितग्राहियों को ही राशन वितरण के लिए ई-केवायसी समय पर पूर्ण करवाना आवश्यक है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# देवेंद्रनगर में संघ शिक्षा वर्ग का भव्य समापन समारोह सम्पन्न



### संघ की विचार चेतना, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा आयोजन

**देवेंद्रनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकोशल प्रांत द्वारा देवेंद्रनगर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य व्यवसायी वर्ग) का भव्य समापन समारोह 1 जून 2025 को रेनबो पब्लिक स्कूल परिसर में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। 17 मई से प्रारंभ हुए इस 15 दिवसीय आवासीय शिविर में महाकोशल क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए लगभग 156 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर राष्ट्र सेवा, अनुशासन और संगठनात्मक संस्कारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य वक्ता संघ के मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक श्री प्रेमशंकर सिदार रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, संघ शिक्षा वर्ग केवल शारीरिक अभ्यास का प्रशिक्षण नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहाँ तन, मन और विचार - तीनों को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे यहाँ प्राप्त सेवा, अनुशासन और संगठन के संस्कारों को अपने जीवन में उतारें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। समारोह के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्राचार्य श्री रामकिशोर अहिरवार ने कहा कि संघ युवाओं को एक रचनात्मक दिशा देकर उनके व्यक्तित्व और कर्तव्यबोध को सशक्त बनाता है। यह शिविर राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की ज्वाला प्रज्ज्वलित करता है। शिविर की समग्र व्यवस्था जिला संघचालक श्री रूद्र प्रताप यादव एवं सर्वाधिकारी डॉ. अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई थी। मंच संचालन से लेकर अतिथि सत्कार, समयबद्धता और अनुशासन तक दृ प्रत्येक आयाम में संघ की सुदृढ़ संगठनात्मक क्षमता परिलक्षित हुई। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत योग, समता प्रदर्शन, शाखा संचालन, गीत व गण अभ्यास शामिल थे, जिन्हें देखकर दर्शकगण भावविभोर हो उठे। संघ शिक्षा वर्ग- सेवा, संस्कार और राष्ट्रभाव की जीवंत पाठशाला संघ शिक्षा वर्ग संघ की मूल आत्मा का प्रतिबिंब है। यह शिविर केवल शारीरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि यह चरित्र निर्माण, संवाद कला, सामाजिक समरसता, समय पालन, राष्ट्र चेतना और सेवा भावना का समग्र शिक्षालय है। देवेंद्रनगर जैसे कस्बे में इस स्तर का आयोजन यह सिद्ध करता है कि संघ की दृष्टि केवल महानगरों तक सीमित नहीं, बल्कि गाँवों और कस्बों से लेकर राष्ट्र निर्माण की आधारशिला रखने तक विस्तृत है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन

संघ आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी सांस्कृतिक संगठन है, जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा, आपदा राहत, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के कार्यों में संलग्न है। संघ की प्रत्येक शाखा एक समरस मंच है, जो जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर केवल एक विचार सिखाती है- मेरा जीवन राष्ट्र के लिए संघ का राष्ट्रवाद संस्कार आधारित है, आक्रोश आधारित नहीं। वह व्यक्ति के भीतर आत्मबल का निर्माण कर समाज परिवर्तन की दीर्घकालिक प्रक्रिया में विश्वास रखता है।



### पूर्व-आमंत्रण और समय पालन का आदर्श-

समारोह में केवल पूर्व-आमंत्रित अतिथियों को ही प्रवेश प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने मोबाइल मौन, व्यवस्थित बैठक, समयपालन और अनुशासित संचालन के माध्यम से संघीय गरिमा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

### संघ है तो राष्ट्र है, और राष्ट्र है तो गौरव है-

देवेंद्रनगर में सम्पन्न यह आयोजन उस आत्मबोध का सजीव प्रतीक बना जिसमें सेवा, अनुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और सांस्कृतिक चेतना की उजास है। यह शिविर हर उस युवा के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, जो अपने जीवन को राष्ट्र के लिए समर्पित करना चाहता है। यह आयोजन बताता है कि जब मन में संकल्प, विचारों में स्पष्टता और जीवन में उद्देश्य हो, तो छोटे कस्बे भी राष्ट्रीय पुनरुत्थान की गाथा लिख सकते हैं।

# गुनौर के हलवाई कर रहे ग्राहकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़..!

**गुनौर।** गुनौर नगर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में चाय-नाश्ते की दुकानों पर सुबह होते ही लोगों की भीड़ नजर आती है। इनमें विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या अधिक होती है लेकिन आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि इन नाश्तों की दुकानों पर समोसा, कचौड़ी, पकौड़ी व फुल्की बनाने में हलवाई घटिया किस्म के ऑयल का इस्तेमाल कर रहे हैं। कम कीमत के चक्कर में वह घटिया तेल का उपयोग करते है ये ऑयल की कीमत अन्य खाद्य तेलों की अपेक्षा 10 से 15 रुपए कम होती है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि गुनौर नगर में यह व्यापार खुले तौर पर किया जा रहा है। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं है।



### प्रतिदिन 50 टीन खप रहा घटिया ऑयल

नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे हलवाई हैं जो जगह-जगह चाय-नाश्ते का कारोबार कर रहे हैं। इन हलवाइयों के प्रतिदिन ऑयल के 15 लीटर वालेतीन से पांच टीन उतारते ठेले वालों को देखा जा सकता है जबकि इन घटिया किस्म के ऑयल के इस्तेमाल से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो सकता है। जिम्मेदार मौन है यह घटिया खाद्य पदार्थ से लोगों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है बुखार आदि बीमारियों का सिलसिला बढ़ गया है इसके बावजूद भी जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं होटल संचालक और ठेलों वालों की चांदी हो रही है लेकिन लोग बीमार पड़ रहे हैं इनसे इनको कोई लेना-देना नहीं है। कुछ नागरिकों का कहना है कि यह सब कुछ देखने के बाद भी खाद्य अधिकारी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं । खाद अधिकारियों के दलाल गुनौर में हफ्ता वसूली करने के उपरांत मातहतों को उनका हफ्ता पहुंचा दिया करते है ।नगर में खराब तेल का उपयोग बहुत बढ़ गया है इनकी अभी तक कोई भी जांच सामने नहीं आई है लोग ऐसा मिलावटी खाद्य खाकर बीमार पड़ रहे हैं। गुनौर से लेकर होटलों मुख्यमार्गों ढाबों में नगर में खाद्य वस्तुएं बेचने वाले व्यवसायी आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। होटलों में ही नहीं ठेलों पर समोसे-कचौरी और भजिए सहित अन्य तली हुई वस्तुएं बेचने वाले शुद्ध तेल का उपयोग कम ही कर रहे हैं। ज्यादातर व्यावसायी एक ही तेल को बार-बार तलने के लिए उपयोग में ले रहे हैं। जिससे लोगों को घातक बीमारी हो रही है । जिला प्रशासन इस ओर नजरें इनायत करें। और कुम्भकरणी नींद में सोए हुए खाद अधिकारियों को निर्देशित करें ताकि लोगों को उनकी वाजिब कीमत पर शुद्ध खाद सामग्री मुहैया हो सके।

# वन विभाग का चौकीदार हुआ लापता, परिवार ने पुलिस थाने में लिखाई गुमशुदगी की रिपोर्ट



### मामला पन्ना नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 के चिमट मोहल्ले का

**पन्ना।** उत्तर वन मंडल पन्ना परिक्षेत्र में कार्यरत चौकीदार संतोष कुमार शर्मा पिता मोतीलाल शर्मा उम्र 48 वर्ष गुमशुदा हो गया है परिवार वालों ने इसकी रिपोर्ट पन्ना थाने में दर्ज कराई है जिसमें पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर लिया गया है एवं तलाश की जा रही है एवं परिवार वालों द्वारा सगे संबंधी परिजनों, पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है पर गुम इंसान संतोष कुमार शर्मा का कहीं पता नहीं चल रहा है। घटना के संबंध में संतोष शर्मा के पुत्र अभिलाष शर्मा ने बताया कि पिताजी दिनांक 31 मई 2025 को शाम 7:30 बजे दूध देने घर से निकले थे एवं रात को जब घर नहीं आए तो उनको फोन लगाया गया और उनका फोन स्विच ऑफ रहा एवं रात में भी तलाश की गई और सुबह जहां दूध देने गए थे वहां पर भी पूछताछ की डेरी में भी पूछताछ की एवं सभी संबंधियों से भी पूछताछ की पर कहीं पता नहीं चला आज करीब 24 घंटे गुजर गए हैं पर गुम इंसान संतोष शर्मा का कहीं पता नहीं चल रहा है। संतोष कुमार शर्मा की पत्नी मुन्नी बाई ने पुलिस कोतवाली जाकर आज करीब 2:00 बजे गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस थाना पन्ना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस द्वारा मौके पर नक्शा पंचनामा संबंधी कार्यवाही पूरी की गई है परिवार वालों को किसी के ऊपर शक था उसके बारे में परिवार वालों ने पुलिस से बता दिया है पर अभी भी संतोष कुमार शर्मा का कहीं पता नहीं है।

## शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात



अमानगंज। वार्ड नंबर. 6 के निवासी श्री हिम्मु चौधरी जी की धर्मपत्नी श्रीमती रमन चौधरी जी के निधन उपरांत उनके निवास पहुँचकर शोकाकुल परिवारजनों से भेंट की एवं शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। पन्ना जिला अस्पताल में लापरवाही के चलते हुई इस दुःखद घटना को लेकर प्रशासन से भी बात की है कि परिवार को न्याय मिले, दोषी पर कठोर कार्रवाई हो और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।शोकाकुल परिवारजनों के हित में जो भी संभव मदद प्रशासन या व्यक्तिगत होगी उसे अविलंब शीघ्र पूरा किया जाएगा। उक्त घटना में सामने आई लापरवाही अत्यंत निंदनीय और मानवीय दृष्टिकोण से बहुत गलत है। मैं शोकाकुल परिवारजनों के साथ दुःख की इस घड़ी में साथ खड़ा हूँ। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष अमानगंज श्री रामलाल लखेरा जी, मंडल उपाध्यक्ष श्री अरविंद दुबे जी, श्री राजदीप गोस्वामी जी, श्री चंदन पाठक जी, श्री अनिल राजपूत जी, श्री राजू खरे जी, श्री रोहिणी उपाध्याय जी, पत्रकार श्री उदय राजपूत जी, श्री अंकित मौर्य जी, पार्षद श्री मेनू बड़ेरिया जी मौजूद रहे।



# जल गंगा संवर्धन अभियान पर केंद्रित प्रदर्शनी का सरपंचों ने किया अवलोकन



### बेहतर कार्य के लिए मिला प्रोत्साहन

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार गत 30 मार्च से प्रारंभ हुए प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में आमजनों की सहभागिता से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों एवं कुएं व बावड़ियों के जीर्णोद्धार कार्य सहित जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खेत तालाब निर्माण इत्यादि का कार्य भी ग्रामवासियों के सहयोग से क्रियान्वित हो रहा है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न कार्यों को जनसहभागिता से बेहतर रूप में क्रियान्वित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। जिले के सभी विकासखण्ड में अभियान के तहत पूर्ण हो चुके एवं प्रगतिरत कार्यों के बारे में आवश्यक जानकारी तथा तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए जिला पंचायत परिसर में अभियान पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई गई है। आज समस्त विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों के लगभग 90 सरपंचो ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के साथ ही निर्माण कार्यों के बारे में नवाचार गतिविधियों और तकनीकों के बारे में जाना। इस दौरान त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को जल की स्वच्छता एवं कचरा के उचित निस्तारण प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस एक्सपोजर विजिट में सरपंचों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अच्छे कार्यों का महत्व बताया गया। साथ ही अपनी ग्राम पंचायतों में जनउपयोगी एवं उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत अलग पहचान स्थापित करने की सलाह भी दी गई। प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र और पंचायतों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसका सरपंचों के समूह ने अवलोकन किया। इसके अलावा जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक कर अभियान में विभिन्न कार्यों की समय सीमा में पूर्णता तथा इन कार्यों को प्रभावी एवं उपयोगी बनाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला एवं सहायक यंत्री रोहित मालवीय भी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### दो परिवारों में मारपीट में एक पक्ष की महिला सहित तीन घायल

छतरपुर। जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली सी बात को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। विवाद के दौरान घायल हुए एक पक्ष की महिला सहित तीन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। ग्राम खजवा निवासी संतोष पटेल ने बताया कि वह अपनी जमीन पर मवेशियों की सुरक्षा के लिए बाड़ लगा रहा था, जिसको लेकर गांव की जानकी, सुनीता, बृजेश और दीपा पटेल उससे विवाद करने लगीं। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। संतोष ने बताया कि जब उसके पिता भागीरथ और पत्नी कल्पना पटेल बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। संतोष पटेल ने आरोप लगाया है कि राजनगर पुलिस ने शिकायत में सभी आरोपियों के नाम नहीं लिखे हैं।

### पिस्टल के साथ पकड़ा गया युवक



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड, श्री राम कॉलोनी निवासी एक युवक को सागर रोड की गणेश कॉलोनी में हाट बाजार के चबूतरे पर अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सागर रोड की गणेश कॉलोनी में हाट बाजार के चबूतरे पर सुशील मिश्रा नाम का युवक पिस्टल के साथ बैठा है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सुशील मिश्रा ने अतरंगी बयान दिया और खुद को अभिनेता संजय दत्त का प्रशंसक बताते हुए पिस्टल रखने को अपना शौक बताया। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि सुशील के पास से एक अवैध पिस्टल बरामद की गई है, और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, चालक का पैर टूटा



छतरपुर। चंदला बस स्टैंड पर सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक को गंभीर चोटें आईं और उसका दायां पैर टूट गया। बताया गया है कि चंदला बस स्टैंड पर गहरावन निवासी रामसुजान पुत्र रामनाथ अपने ई-रिक्शा में सवारियां लेकर पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सवारियां उतारने के बाद रामसुजान ने रिक्शा मोड़ने की कोशिश की, तभी तेज रफ्तार के कारण रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में रामसुजान रिक्शा की चपेट में आ गया, जिससे उसके दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। चंदला में ई-रिक्शा चालकों की तेज रफ्तार और लापरवाही पहले भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ई-रिक्शा चालक मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं, बिना ट्रैफिक नियमों का पालन किए कहीं भी रिक्शा खड़ा कर देते हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी रफ्तार कम नहीं करते।

### 4 जून तक विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा

छतरपुर। 33/11के.व्ही. उपकेंद्र सटई रोड अंतर्गत 11 के.व्ही. फीडर छत्रसाल नगर के प्रभावित क्षेत्रों छत्रसाल नगर कॉलोनी, अमलतास कॉलोनी, लोटस कॉलोनी, पैराडाइज कॉलोनी, सुरेन्द्र विलाज कॉलोनी, नंदनकानन कॉलोनी, पंचवटी ढाबा के पीछे, पन्ना रोड, रेलवे स्टेशन, छत्रसाल नगर के पीछे इत्यादि, बच्चा जेल के पास, पार्क लैंड कॉलोनी, आजाद चौक, कमला कॉलोनी, जीवन ज्योति कॉलोनी इत्यादि क्षेत्रों में 4 जून 2025 तक विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त कार्य की समय अवधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 एवं स्थानीय मो.नं 7682245566, 7682245567 पर डायल कर सकते हैं।

## टूरिस्ट परमिट के नाम पर चल रही बसें बनी लगेज वाहन, ओवर लोडिंग से बनी रहती दुर्घटना की आशंका, जिम्मेदार अधिकारी मौन

# लगेज ढोकर खुलेआम हो रही टैक्स की चोरी

**यात्रियों की सुविधा के लिए बिभिन्न कम्पनियो की बसें चल रही है। जिनमें से कुछ बसें, दिल्ली नोएडा के लिए जाती है। लेकिन यह बसें टूरिस्ट परमिट के नाम पर चलती है। जबकि इन बसों को सावरियां ले जाने का कोई अधिकारी नहीं है।**

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

टूरिस्ट परमिट प्राप्त करने के लिए सवारियों की सूची भी आरटीओ विभाग को देना पड़ती है, लेकिन छतरपुर से दिल्ली, नोएडा के लिए जो बसें चल रहीं है उन्हें टूरिस्ट परमिट मिला हुआ है। न कि सवारियां ढोने का परमिट, इसी परमिट की आड़ पर सवारियों के साथ साथ लगेज भी ओवर लोड लेकर जाया जाता है। कुल मिलाकर अधिक लाभ कमाने के चक्कर में इन बसों में यात्रियों की जिदंगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है। क्योंकि कभी भी ओवर लोड बसें दुर्घटना का शिकार हो जाती है। रफ्तार तेज गति होने और लगेज से बरी होने पर डाईवर बस पर कट्रोल नहीं कर पाता है। पता चला है कि प्रतिदिन इन बसों में लाखों रूपए का लगेज लाया जाता है और सेल्स टेक्स की चोरी की जाती है। दिल्ली नोएडा के अलावा छतरपुर से इंदौर और भोपाल की ओर जाने बाली बसें भी यात्री बसें कम लगेज बाहन ज्यादा बन चुकी है। जितनी भी यह स्लीपर बसें चल रही है। यह सब नीचे के हिस्से में खोखली होती है, और नीचे का हिस्सा पूरा लगेज से भरा जाता है। इसके अलावा बस की छत पर भी लगेज काफी उचाई तक भरा रहता है। ऊपर नीचे लगेज और बीच में यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करते है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। सुबह 6 बजे से 8 बजे तक ऐसी बसों का आना रहता है। अधिकारी चाहें तो ऐसी बसों को पकड़कर उनके विरूद्व कार्यवाही कर सकते है। सेल्स टेक्स विभाग चाहें तो सेल्स टेक्स की चोरी पकड़ सकता है, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के कानों में जु नही रेग रही है। और इन बसों के संचालक शासन को लाखों रूपए का चूना लगा रहें है। साथ ही ब्यापारी भी खुलेआत टेक्स की चोरी कर रहें है।

छतरपुर से दिल्ली और नोएडा के लिए टूरिस्ट परमिट पर राजकल्पना ट्रेवल्स, सफरएक्सप्रेस ट्रेवल्स, सहित अन्य बसें चल रही है। और इन बसों में खुलेआम लगेज लाया जाता है। इसके अलावा छतरपुर से भोपाल इंदौर गोल्डन ट्रेवल्स, बुंदेलखंडट्रेवल्स, राय ट्रेवल्स, ओम सांई राम ट्रेवल्स, हंस ट्रेवल्स, खजुराहो ट्रेवल्स, मिश्रा ट्रेवल्स,बाला जी ट्रेवल्स, सहित और कई भी ट्रेवल्स की बसें चल रही है। और यह भी लगेज लाने का साधन बनी हुई है। इन बसों के चालक और परिचालक लगेज के नाम पर भारी कमाई कर रहें है।

### पूर्व में जबलपुर की टीम ने की थी कार्यवाही

इस तरह लगेज भरे हुए एक कंपनी की बस को जबलपुर सेल्स टेक्स की टीम ने बस स्टैंड में पकड़ा था और करीब सबा लाख रूपए की टैक्स की चोरी पकड़ कर ब्यापारियों से बसूल किया था। हालांकि उस समय बस का मालिक सक्रिय हो गया था, और बस में जिन जिन ब्यापारियों का लगेज रखा हुआ था उन ब्यापारयिों को बुलाकर उनसे टैक्स चोरी की राशि जमा कराई गई थी। इस घटना के बाद कुछ दिनों तक लगेज बसों में लाना बंद रहा, लेकिन अब फिर से लगेज भरकर बसें आने लगी है। जबकि भोपाल से छतरपुर का मार्ग सागर के आसपास फोर लेन बनने के कारण काफी खराब है। और ऐसे में ओवर लोड बसों से दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। लेकिन लगेज के चक्कर में और मुनाफा कमाने के लिए चालक परिचालक सभी नियमों को ताक पर रख रहें है।

### सवारियों को लेकर होता बिवाद

छतरपुर से दिल्ली की ओर जो बसें चल रही है उनके पास कोई अधिकृत परमिट नही है फिर भी संवारियां जबरन बैठाई जाती है संवारियों को लेकर बस स्टैण्ड में आय दिन बसों के चालक परिचालक के बीच बिवाद की स्थिति बनती है और कई बार मारपीट तक मामला पहुॅच जाता है। अभी दो दिन पूर्व ही दिल्ली की बसों में शाम के समय सवारियां भरने को लेकर बिवाद हुआ था इस तरह के बिवाद आए दिन होते है क्योंकि बस स्टैण्ड से जबसे यातायात थाना हटाया गया तबसे बसों के चालक परिचालकों की मनमानी बढ़ गई है। और यही कारण है कि बिवाद की स्थिति उत्पन होती है।

### क्या कलेक्टर के आदेश का होगा पालन

जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सोमवार को टी.एल बैठक में आरटीओं को सवारी बसों और स्कूली बसों को चेक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए है। साथ ही फिटनेस सर्टीफिकेट बीमा परमिट एक्सपाइयर होने पर निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए है। अब देखना यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी आरटीओं द्वारा अब कलेक्टर के आदेश पर अभियान चलाकर यात्री बसों के साथ साथ स्कूली बसों की चेकिंग की जाती है या फिर मात्र कागजी अभियान चलाकर कलेक्टर के सामने आकड़े पेश कर दिए जाएगें जैसा कि पूर्व में होता चला आ रहा है और जब कोई गंभीर घटना होती तब पता चलता है कि न तो बस की फिटनेस थी और न ही बीमा व अन्य दस्तावेज ।

# टेढ़े पैर वाले तीन बच्चों का जिला अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

### डॉ. रवि सोनी ने अपनी टीम के साथ बनाया नया कीर्तिमान

छतरपुर।



छतरपुर जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार सोनी और उनकी टीम ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए टेढ़े पैर वाले तीन बच्चों के पैरों का एक साथ सफल ऑपरेशन किया है। इस उपलब्धि ने जन्म से पैरों की समस्याओं से जूझ रहे मासूमों को सामान्य जिंदगी का तोहफा दिया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. रवि सोनी ने अब तक करीब 270 बच्चों के पैरों का सफल ऑपरेशन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी लगन और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत के परिणामस्वरूप जन्मजात पैरों की विकृति से पीड़ित बच्चों को सामान्य जीवन जीने का अवसर मिला है। इस बार के ऑपरेशन में एक बच्चा घुवारा का रहने वाला था। मरीजों के परिजनों ने डॉ. सोनी और उनकी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद दिया।

छतरपुर जिला अस्पताल की यह सुविधा आसपास के पांच जिलों में भी उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते पड़ोसी जिले भी अपने मरीजों को यहां भेजते हैं। डॉ. सोनी की विशेषज्ञता और अस्पताल की सुविधाओं ने छतरपुर को इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया है। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा क्षेत्र में जिले की प्रगति को दर्शाती है, बल्कि जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारों के लिए भी आशा की किरण बनकर उभरी है।

## अतिवृष्टि, सूखा और सर्पदंश राहत राशि वितरण में हुआ भ्रष्टाचार

# कांग्रेस नेत्री ने उठाई आवाज, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।



कांग्रेस की प्रवक्ता व छतरपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीप्ती पांडे ने सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर छतरपुर जिले में अतिवृष्टि, सूखा राहत राशि और सर्पदंश पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों को सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने इस भष्टाचार में प्रशासन पर भी दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेत्री दीप्ती पांडे ने बताया कि छतरपुर जिले में किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। वर्ष 2017-18 से अब तक अतिवृष्टि और सूखा प्रभावित किसानों के लिए स्वीकृत करोड़ों रुपये की राहत राशि उनके खातों में न पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने परिचितों के खातों में हस्तांतरित कर कपटपूर्ण भुगतान किया। नियंत्रक एवं महालेखाकार (कैग) की रिपोर्ट में इस गड़बड़ी के सबूत सामने आए हैं, जिसमें गौरिहार तहसील सहित जिले की सभी तहसीलों में राहत राशि में करोड़ों रुपये के गबन का खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। दुखद यह है कि जिला प्रशासन ने अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण दिया जा रहा है। पांडे ने बताया कि सीहोर और श्योपुर जिले के कलेक्टरों ने कैग की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की और पुलिस में अपराध दर्ज कराए, लेकिन छतरपुर में प्रशासन की चुप्पी संदेह पैदा करती है। दीप्ती पांडे ने कहा कि स्थानीय समाचार पत्र लगातार इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठा रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन इसे अनसुना कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि कैग की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए छतरपुर में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस तरह की गड़बड़ियां सरकारी योजनाओं के उद्देश्य को कमजोर करती हैं और किसानों व पीड़ितों के हक पर डाका डालती हैं।

## नाटक ने की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था पर चोट

# कबीर और पंत के गीतों से महका मंच





### तीस दिवसीय बाल रंग शिविर का हुआ रंगारंग समापन

छतरपुर।

शहर के गांधी आश्रम में चल रहे एक महीने के बाल रंग शिविर का मंचीय प्रस्तुतियों के साथ रंगारंग समापन हो गया। मुक्ताकाशी मंच पर योगासन, गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से बच्चों ने दर्शकों के समक्ष अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। अतिथियों में डॉ बहादुर सिंह परमार, गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष संतोष द्विवेदी, प्रेमनारायण मिश्र, शंकरलाल सोनी, कमल अग्रवाल, आभा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### 2 घंटे तक चलीं रंगारंग प्रस्तुतियां

इस एक महीने की कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने जो भी सीखा उसे सामूहिक रूप से मंच पर कलात्मक रूप से जीवंत कर दिया। सर्वप्रथम राजेश कुशवाहा के निर्देशन में बच्चों ने योग के विभिन्न आसनों को दर्शाया। इसके बाद गीतों की सामूहिक प्रस्तुति में महेंद्र तिवारी के निर्देशन में बुंदेली पारंपरिक गीत के अलावा कबीर, बुल्ले शाह, सुमित्रानंदन पंत और राजेश जोशी की कविताओं का सुमधुर गायन किया गया। इस गायन प्रस्तुति के साथ खास बात यह रही कि इसमें तबला और क्लैप बॉक्स में संगतकार के तौर पर सिद्धार्थ शुक्ला, सार्थक शुक्ला, सार्थक तिवारी और दर्श तिवारी शिविर के ही बच्चे थे तो वहीं ढोलक पर लखन अहिरवार ने संगत दी। निशांत वाल्मीकि और अंजली तिवारी के निर्देशन में सीनियर और जूनियर दो टीमों ने नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति दी। मंच के बगल में ही बच्चों की आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी भी प्रदर्शित की गई थी जिसमें एक माह के दौरान अंकित पाल, अनामिका कुशवाहा, कृतिका प्रजापति, अनन्या वर्मा और श्रुति चौरसिया के मार्गदर्शन में बच्चों ने खूबसूरत कलाकृतियों की रचना की थी।

### नाटक ने दिखाई ग्रामीण क्षेत्रों के बदहाल स्कूलों की झलक

मंचीय प्रस्तुति का समापन नाटक भणाई से हुआ। वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेन्द्र शुक्ला ने बताया कि इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने पिछड़े इलाकों के प्राथमिक स्कूलों की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की मनमानी, मध्याह्न भोजन जैसी गतिविधियों के बुरे हाल, पढ़ाई से ज्यादा कागज भरने पर जोर जैसी विसंगतियों को मजेदार ढंग से प्रदर्शित किया। नीरज खरे ने बताया कि इस नाटक में लगभग 35 कलाकारों ने सहभागिता की थी जो कि निर्देशक द्वय अभिदीप और रवि के लिए बड़ी चुनौती थी क्योंकि इतने सारे बच्चों को संभालकर उनसे अभिनय कराना आसान काम नहीं था लेकिन सभी कलाकारों ने अपनी भूमिका के साथ न्याय करते हुए नाटक को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णकांत मिश्रा, श्रुति चौरसिया और अनिका सिंह ने किया। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी ने अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## बसों की चेकिंग अभियान चलाकर कमी मिलने पर कार्यवाही करें: कलेक्टर

### किसानों को उन्नत कृषि, योजनाओं से अर्जित लाभ के बारे में जानकारी देने के निर्देश

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम सहित निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया की पंचायतों में बैठक कर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आधुनिक उन्नत कृषि के बारे में जारकारी दें और किसान ऐप के माध्यम से योजनाओं से होने वाले लाभ के बारे में बताएं। कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देश दिए कि सवारी बसों एवं स्कूल बसों की चेकिंग करने के लिए अभियान चलाएं और फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, एवं परमिट एक्सपायर होने पर निरस्तीकरण की कार्यावाही करें। साथ ही ब्लैक स्पॉट्स एवं हिट एंड रन की जानकारी प्रस्तुत करें। इसके अलावा गुड्स सेमेरिटन के तहत राहगीर योजना के पास्टर्स एवं बैनर लगाकर प्रचार प्रसार करें। इसके अलावा एसडीएम को वर्षाकाल के पूर्व की तैयारियों के संबंध में बैठक करने के निर्देश दिए।

### ईकेवाईसी में कम प्रगति पर जेएसओ की वृद्धि रोकने के निर्देश

कलेक्टर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के तहत पात्र हितग्राहियों की ईकेवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि निकायों एवं जनपदों में बॉटम में 10 रहने वाले दुकानदारों पर निलंबन की कार्रवाई करें। उन्होंने एसडीएम बक्सवाहा बिजावर एवं राजनगर को ईकेवाईसी में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही बिजावर की प्रगति अत्यंत खराब होने पर जेएसओ की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोऑपरेटिव से उपस्थित मैनेजर अकाउंट को टीएल की जानकारी न दे पाने पर शोकोज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हाउस एवं सीएम मॉनिट की शिकायतों की समीक्षा करते हुए बची हुई शिकायतों का निराकरण करते हुए शीघ्र बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की मई माह की ग्रेडिंग में 50 दिवस से अधिक को लंबित शिकायतों में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि अगली टी.एल. तक ग्रेडिंग में सुधार न होने पर 2 वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने आधार से समग्र ई केवाईसी एवं डुप्लीकेट समग्र की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ नौगांव, बिजावर एवं नपा सीएमओ छतरपुर एवं हरपालपुर को सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सुधार ना लाने पर महाराजपुर सीएमओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने एवं बिजावर सीएमओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों और निकायों में 30 जून तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है,

## श्री कृष्णा आयुर्वेदिक अस्पताल में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर आयोजित

छतरपुर। श्री कृष्णा आयुर्वेदिक अस्पताल, ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी परिसर, छतरपुर में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने किया।



इस शिविर में 51 बच्चों ने आयुर्वेद के अमृत तुल्य स्वर्ण प्राशन संस्कार का लाभ उठाया। कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्ण प्राशन संस्कार बच्चों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक संस्कार है। यह बच्चों को स्वस्थ, बुद्धिमान, बलशाली और सकारात्मक बनाता है। उन्होंने इस पहल को बच्चों के समग्र विकास के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया। अस्पताल अधीक्षक वैद्य अवनेश श्रृंगी ने बताया कि भारत ऋषि-मुनियों और वैद्य आचार्यों की भूमि रहा है। हजारों वर्ष पहले इन विद्वानों ने वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिए स्वर्ण प्राशन रसायन विकसित किया था। यह संस्कार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में सहायक है। शिविर में डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. रविंद्र, डॉ. अभिषेक और अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## रोजगार सहायक बोले- हमारे ऊपर हो रही अनैतिक कार्रवाई...! प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को भेजा आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

छतरपुर।

छतरपुर में ग्राम रोजगार सहायक संघ, मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ और पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ के संयुक्त संगठन ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मोटे के महावीर मंदिर से शुरू हुई रैली जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां सैकड़ों रोजगार सहायकों ने सरकार की उदासीनता और उनके खिलाफ अनैतिक कार्रवाइयों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

रोजगार सहायक राजकुमार पाठक ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश में रोजगार सहायकों ने एक साथ ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें उठाई हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री ने 30 तारीख को वेतन देने का वादा किया था, लेकिन यह पूरा नहीं हुआ। संगठन ने मांग की है कि ग्राम रोजगार सहायकों का पंचायत सहायक सचिव के पद पर संविलियन कर जिला संवर्ग में शामिल किया जाए और निश्चित



ग्रेड पे प्रदान किया जाए। इसके अलावा, दिवंगत रोजगार सहायकों के परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति और मृत्यु अनुग्रह सहायता राशि का प्रावधान करने, 25 अगस्त 2018 और 28 जून 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को लागू करने, समान कार्य के लिए समान वेतन, वार्षिक वेतन वृद्धि, टीए-डीए, ईपीएफ कटौती और विशेष परिस्थितियों में जिले से बाहर स्थानांतरण की सुविधा जैसी मांगें शामिल हैं। पाठक ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो संगठन उग्र आंदोलन शुरू करेगा।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें, मुख्यमंत्री के दौरे की सभी तैयारियाँ समय रहते पूरी करें

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों निराकरण करें।



हरिभूमि न्यूज, रीवा ।

प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग सुधारें। ग्रेडिंग में सी और डी श्रेणी में रहने वाले विभागों के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में भी अभी 1694 आवेदन लंबित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक संचालक हथकरघा, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें। जिला शिक्षा अधिकारी तीन दिवस में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को ए ग्रेड में ले जाएं। कलेक्टर ने कहा कि 4 जून को गंगेव में स्वसहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्र के दौरे के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। सभी अधिकारी दौरे की तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हेलीपैड निर्माण तथा सभास्थल में बेरिकेडिंग का कार्य आज ही पूरा करा दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सम्मेलन में आने वालों की बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बिजली की आपूर्ति तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए,बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र और मृत हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायतवार उपलब्ध करा दी गई है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दो दिवस में सभी अपात्र व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हितग्राहियों के समग्र ई केवाईसी की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। रोजगार सहायकों के माध्यम से सात दिवस में शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस तथा श्रम पदाधिकारी सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की बैठक लेकर उन्हें विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और ई केवाईसी के संबंध में प्रशिक्षण दें। कलेक्टर ने जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों की साफ-सफाई और सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास की प्रत्येक सीट पर विद्यार्थी का प्रवेश सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान कार्ड का कवरेज बढ़ाएं। सभी एसडीएम वनाधिकार अधिनियम के तहत ग्राम स्तर और खण्ड स्तर की समितियों की बैठक कराकर शेष प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन 10 जून तक जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना तथा नलजल योजनाओं से स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पानी की आपूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए, बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्वीकृत जल संरक्षण के सभी कार्य 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे कराएं। जल संरक्षण की सभी गतिविधियों की अच्छी फोटोग्राफ के साथ जनसम्पर्क कार्यालय के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदर्श ग्राम योजना में आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र दो दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में नहीं पहुंची एंबुलेंस, बेटियों ने बढ़ाया मदद का हाथ, सड़क हादसे में घायल महिला और युवक को समय रहते पहुंचाया अस्पताल



रीवा।

शहर के बोदाबाग इलाके में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला और उसका दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त जब आसपास के लोग मूकदर्शक बने रहे और एंबुलेंस के आने में देर हुई, तब राहगीर बनीं दो युवतियों ने मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की। बिना समय गंवाए उन्होंने घायलों को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया और उनकी जान बचाई। घटना दोपहर के समय बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मोड़ के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला और युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की पहचान शशि अग्निहोत्री और युवक की पहचान उनके दामाद प्रकाश शुक्ला के रूप में हुई है। प्रकाश का पैर टूट गया जबकि शशि देवी को सिर और शरीर पर गहरी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों में से कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। इस बीच वहां से गुजर रहीं दो युवतियों की नजर सड़क पर पड़े घायलों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल 108 आपातसेवा को कॉल किया, लेकिन जब एंबुलेंस पहुंचने में विलंब हुआ, तो उन्होंने वक्त गंवाए बिना ऑटो की व्यवस्था की और घायलों को सीधे संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। युवतियों में से एक की पहचान शिखा सिंह के रूप में हुई है, जिन्होंने अस्पताल में भर्ती कराते ही परिजनों को सूचना दी और प्राथमिक इलाज शुरू करवाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की स्थिति अब स्थिर है और इलाज जारी है।इस घटना ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि आपात स्थितियों में मानवीय संवेदनाएं ही सबसे बड़ी सेवा बन जाती हैं। जब सिस्टम समय पर नहीं पहुंचा, तब आम नागरिक ने देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाया।

## शादी से पहले मातम, दूल्हे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, साथी गंभीर, ट्रक की टक्कर से हुई मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज, रीवा ।



जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार में सामान खरीद कर वापस आ रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद हादसे में एक की मौत हो गई जबकि एक घायल हुआ जिसका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। बाइक सवार युवक का रविवार को विवाह होना था बारात की तैयारी चल रही थी लेकिन ये खुशिया पल भर में मातम में बदल गई। बारात निकलने से पहले दूल्हे की सड़क हादसे में मौत से घर सहित परिवार में मातम छा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार दूल्हा अपने एक साथी के साथ कटरा बाजार से कपड़े में प्रेस कराकर वापस लौट रहा था, जैसे वहीं वह तुलसी नगर के पास पहुंचा पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना दोपहर लगभग 3.30 बजे की बताई गई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार रजनीश साकेत पिता जगदीश साकेत 22 वर्ष निवासी कलवारी सड़क पर दूर जा गिरा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 100 पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां चिकित्कसको ने जांच उपरांत रजनीश को मृत घोषित कर दिया। विवाह की तैयारियों के बीच दूल्हे रजनीश की मौत के बाद शादी का घर देखते ही देखते शोक स्थल में तब्दील हो गया। इस सड़क हादसे में सुरेश साकेत पिता मोतीलाल साकेत 20 वर्ष को गंभीर चोट आई है, जिसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। गढ़ पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया है, साथ दुर्घटनाकारित करने वाले ट्रक को जब्त कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## विभाग एवं दलालों के गठजोड से चल रहा अवैध खनिज परिवहन जिले के हर मार्ग पर दलालों का राज

रीवा।

रीवा जिले में खनिज माफिया का वर्चस्व अब किसी रहस्य की बात नहीं रह गया है। जिले में गिट्टी के अवैध परिवहन का एक सुनियोजित और संगठित नेटवर्क खड़ा हो चुका है, जिसमें खनिज विभाग, दलाल, ट्रक ऑपरेटर और स्थानीय स्तर पर कुछ रसूखदार चेहरे भी शामिल बताए जा रहे हैं। यह पूरा खेल न केवल कानून और शासन की आंखों में धूल झोंक रहा है, बल्कि हर महीने सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान भी पहुंचा रहा है। बता दे जिले के स्टोन क्रेशर प्लांटों से रोजाना सैकड़ों ट्रक गिट्टी भरकर विभिन्न जिलों और राज्यों की ओर रवाना होते हैं। इन ट्रकों में से अधिकांश के पास न तो वैध ट्रांजिट पास (टीपी) होता है और न ही कोई वैधानिक दस्तावेज। फिर भी ये वाहन बेरोकटोक निकलते हैं। इसके पीछे एक पूरी व्यवस्था काम कर रही है जिसे एंट्री सिस्टम कहा जा सकता है। सूत्रों की माने तो बता दे इस सिस्टम के तहत, गिट्टी लदे ट्रकों से प्रति वाहन 7,000 रुपए तक की रकम वसूली जाती है। यह राशि दलालों के माध्यम से खनिज विभाग के कुछ अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है। इसके बाद ट्रक को बिना टीपी के परिवहन की अनुमति मिल जाती है। सूत्र बताते हैं कि बिना एंट्री के कोई भी ट्रक जिले की सीमा पार नहीं कर सकता।जब इस पूरे मामले में जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा खनिज विभाग द्वारा कोई भी अवैध एंट्री या वसूली नहीं की जाती। हम समय-समय पर कार्रवाई करते हैं और अवैध परिवहन को रोकने के लिए निरंतर निगरानी रखते हैं। हालांकि, ग्राउंड रिपोर्ट्स और सूत्रों के मुताबिक, हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच वही दलाल खनिज कार्यालय में सक्रिय देखे जाते हैं, जो गाड़ियों से एंट्री वसूलते हैं। बॉक्स दलालों के नेटवर्क में हर रूट पर नियुक्त हैं प्रभारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में एंट्री वसूली के लिए विभिन्न दलालों को अलग-अलग रूट और इलाकों की जिम्मेदारी दी गई है। उदाहरण के तौर पर,कटनी रूट से आने वाले ट्रकों से महेन्द्र नामक व्यक्ति एंट्री वसूलता है।रीवा रूट से निकलने वाले ट्रकों का हिसाब-किताब पिंटू नामक युवक के पास रहता है।यूपी और बिहार की ओर जाने वाले ट्रकों की वसूली लाला गुरु और शैलेन्द्र नाम के दलाल देखते हैं।वहीं, विजय और अलख नामक व्यक्ति भी कुछ लोकल रूट्स पर सक्रिय हैं।बॉक्स शासन को भारी राजस्व नुकसानपिछले वित्तीय वर्ष में रीवा जिले को खनिज राजस्व के निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रहना पड़ा। विभागीय सूत्र भी मानते हैं कि यदि अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जाती, तो लक्ष्य प्राप्ति संभव थी। संभागीय आयुक्त बीएस जामोद ने कई बार समीक्षा बैठकों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन नतीजे न के बराबर दिखे।बॉक्स पुलिस और परिवहन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध खनिज विभाग ही नहीं, पुलिस और परिवहन विभाग की निष्क्रियता भी इस पूरे मामले को संदिग्ध बनाती है। अगर सभी ट्रक बिना टीपी के निकल रहे हैं, तो सड़क पर चेकिंग की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह सामूहिक लापरवाही है या फिर कहीं न कहीं चुपचाप सहमति?

## दिनदहाड़े लूट की वारदात, महिला से 7 तोला सोना और नकदी लूटी, ऑटो से उतरते ही बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

रीवा।

शहर में लूट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ढेकहा इलाके में रविवार को एक दंपती के साथ हुई लूट ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रानी कमलापति ट्रेन से रीवा पहुंचे अग्रवाल दंपती को जैसे ही स्टेशन से ऑटो के जरिए ढेकहा तिराहे पर उतरे, वहां घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने महिला का बैग झपट लिया और फरार हो गए,पीड़िता रेखा अग्रवाल और उनके पति सुशील अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि बैग में लगभग 7 तोला सोना और 10 हजार रुपए नकद थे। अचानक हुई इस वारदात से दोनों हक्के-बक्के रह गए। सुशील अग्रवाल ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन पल्सर बाइक पर सवार दोनों आरोपी पलक झपकते ही आंखों से ओझल हो गए।



घटना के तुरंत बाद दंपती ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी कमलेश साहू के अनुसार, मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दो युवक पल्सर बाइक पर सवार थे और पहले से ही दंपती का पीछा कर रहे थे।बॉक्स लगातार वारदातों से शहर में दहशतगौरतलब है कि बीते कुछ हफ्तों में रीवा शहर में पर्स और चेन स्नेचिंग की घटनाओं में इजाफा देखा गया है। एक दिन पहले ही चोरहटा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दंपती को निशाना बनाकर बदमाशों ने चलती बाइक से पर्स झपट लिया था, जिससे वे गिरकर घायल हो गए थे। सिविल लाइन इलाके में हुई ताजा वारदात से यह साफ हो गया है कि बाइकर्स गैंग शहर में सक्रिय हैं और कानून व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद अब तक इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लग सका है।

## धान और हाइब्रिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह

रीवा ।

उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को धान और हाइब्रिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि सभी किसान अपने खेत की माटी की जाँच करा लें। इससे प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड में खेत की माटी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और कमी की जानकारी दर्ज रहती है। साथ ही उसमें फसल के अनुसार खाद के संतुलित उपयोग की भी मात्रा लिखी रहती है। उसी के अनुसार खाद का उपयोग करें। अधिक मात्रा में खाद का उपयोग किसान के लिए आर्थिक बोझ होने के साथ-साथ फसल और मिट्टी के लिए भी हानिकारक होता है। धान की सामान्य किस्म के लिए प्रति हेक्टेयर चार बैग चार किलो यूरिया और एक बैग 37 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में चार बैग 37 किलो यूरिया और पाँच बैग सिंगल सुपर फास्फेट अथवा चार बैग पाँच किलो यूरिया और दो बैग 25 किलो 12:32:16 खाद का उपयोग कर सकते हैं। इसके अन्य विकल्प के रूप में चार बैग तीन किलो यूरिया, तीन बैग सिंगल सुपर फास्फेट और दो बैग 16:16:16 खाद का उपयोग भी किया जा सकता है। उप संचालक ने बताया कि शंकर अथवा हाइब्रिड धान के लिए 22 किलो यूरिया एवं दो बैग 9 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में पाँच बैग 36 किलो यूरिया एवं सात बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग किया जा सकता है। इसके तीसरे विकल्प के रूप में तीन बैग 33 किलो यूरिया तथा तीन बैग 38 किलो 12:32:16 खाद अथवा चार बैग 16 किलो यूरिया, तीन बैग 20:20:0:13 तथा तीन बैग 38 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें। इसके एक अन्य विकल्प के रूप में पाँच बैग 29 किलो यूरिया, तीन बै 16:16:16 एवं तीन बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर सकते हैं। फसलों में खाद के संतुलित उपयोग से ही अच्छी फसल प्राप्त होगी।

### खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को तीन माह का खाद्यान्न मिलेगा एक साथ - ईकेवाईसी कराना अनिवार्य

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना से अन्त्योदय श्रेणी और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को हर माह उनकी पात्रता के अनुसार खाद्यान्न, शक्कर और नमक का उचित मूल्य दुकान से वितरण किया जाता है। पात्र परिवारों को जून माह में तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। इसमें जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न शामिल रहेगा। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि इस माह अन्त्योदय परिवारों को 105 किलो खाद्यान्न, तीन किलो नमक तथा तीन किलो शक्कर प्रदान की जाएगी। प्राथमिकता की श्रेणियों में शामिल खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को प्रति सदस्य के मान से 15 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें चावल और गेंहू दोनों शामिल हैं। प्रत्येक परिवार को तीन किलो नमक भी दिया जाएगा। नमक के लिए एक रुपए प्रति किलो की दर निर्धारित है। सभी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन शासन के निर्देशों के अनुरूप हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न प्रदान करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने पात्र परिवारों से ई केवाईसी कराकर तीन माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करने की अपील की है। इसके लिए पीओएस मशीन पर तीन बार अंगूठा लगाना होगा। सभी राशन कार्डधारी राशन प्राप्त करने के बाद पीओएस मशीन से जारी पावती अवश्य प्राप्त करें। मोबाइल में एसएमएस के माध्यम से प्रेषित सूचना से हितग्राही प्राप्त खाद्यान्न सामग्री का मिलान भी अवश्य करें।

### बाढ़ से निपटने की तैयारियाँ तत्काल शुरू करने के निर्देश, आपदा प्रबंधन के लिए कम्युनिकेशन प्लान में सभी के फोन नम्बर अपडेट करें

रीवा । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष मानसून के समय से एक सप्ताह पहले पहुंचने तथा अच्छी वर्षा का अनुमान मौसम विभाग द्वारा लगाया गया है। बाढ़ तथा अतिवृष्टि से राहत और बचाव की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। जल संसाधन विभाग के अधिकारी त्योंथर तथा जिला स्तर में कंट्रोल रूम बनाकर बाणसागर परियोजना तथा उत्तरप्रदेश के मेजा, सिरसी एवं अदवा बांधों के कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहें। एसडीएम त्योंथर तथा जवा बाढ़ से प्रभावित होने वाले 120 गांवों में राहत शिविर के लिए उचित स्थलों का चिन्हांकन कर लें। बाढ़ की स्थिति में गोताखोर दल, नाव चलाने वाले, जेसीबी तथा क्रेन चलाने वाले आपरेटर आदि की सूची बनाकर उनके फोन नम्बर कंट्रोल रूम को उपलब्ध करा दें। पंचायत स्तर पर भी बाढ़ राहत और बचाव के उचित प्रबंध कर लें। अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। कंट्रोल रूम में पंजी संधारित कर महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रतिदिन दर्ज करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर दें। सभी बीएमओ के पास पर्याप्त दवाएं उपलब्ध करा दें। उप संचालक पशुपालन पशुओं के लिए चारा-भूसा एवं उपचार की व्यवस्था कर लें। बाढ़ में मृत पशुओं के निष्पादन की भी व्यवस्था करें। आयुक्त नगर निगम तथा सभी सीएमओ शहरी क्षेत्र के नालों एवं नालियों की साफ-सफाई तत्काल कराएं। रीवा में बांसघाट, निपनिया, पुष्पराजनगर, बिछिया तथा तरहटी मोहल्लों में बाढ़ का प्रकोप होने पर राहत और बचाव की समुचित व्यवस्था करें।


## खबर संक्षेप

### सप्ताह में एक दिन चलेगी रीवा-पुणे एक्सप्रेस रेलवे ने जारी किया ट्रेन का शेड्यूल



रीवा । रेल मंत्री की घोषणा के बाद रेलवे ने रीवा से पुणे ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिखा है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी और इससे रीवा सहित पूरे विध्य के लोगों को महाराष्ट्र की यात्रा करने में काफी सहूलियत रहेगी। रेलवे ने ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह ट्रेन रीवा से बुधवार सुबह 6:45 बजे रवाना होगी जो गुरुवार को पूर्ण पहुंचेगी। वहां से शुक्रवार को सायंकाल 5:30 बजे रीवा के लिए रवाना होगी जो शनिवार को रीवा पहुंचेगी। यह ट्रेन रीवा से चलने के बाद सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोदिया, नागपुर, कर्ज, भुसावल, मनमाड़, कोपरगांव, अहमदनगर सहित अन्य स्टेशनों से होते हुए पुणे पहुंचेगी। इस ट्रेन का संचालन शुरू होने से रीवा से महाराष्ट्र की यात्रा करने वाले लोगों को काफी आराम हो जाएगा। वहीं शिर्डी, शनि सिगमापुर, नासिक ज्योर्तिलिंग की यात्रा भी लोग आराम से कर सकेंगे। अब रीवा से महाराष्ट्र को जोडने वाली तीन ट्रेने हो जायेगी। इससे पूर्व रीवा से बांद्रा ट्रेन न. 09030 व रीवा से क्षत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनल के बीच चलने वाली ट्रेन नं. 02187 ट्रेन चल रही है जो सप्ताह में एक दिन चलती है। रीवा से काफी संख्या में लोग पढ़ाई और काम के सिलसिले में महाराष्ट्र के पुणे सहित अन्य शहरों में जाते हैं जिनके लिए यह ट्रेन वरदान साबित होगी।

### टैंकर और बल्कर के बीच हुई जोरदार भिड़ंत



रीवा। जिले के गुढ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी मार्ग पर चौरसिया ढाबा महसांव के समीप बीती रात लगभग 2 बजे के करीब पेट्रोल से भरे टैंकर एवं बल्कर ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हालाकि हादसे में जनहानि नहीं हुई जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि दोनो वाहनों की बीच हुई टक्कर में टैंकर के टंकी की पाइप फट गई जिससे पेट्रोल रोड में गिर गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि पेट्रोल लोड टैंकर की टंकी अगर क्षतिग्रस्त होती तो फिर यह एक बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि इससे टंकी में विस्फोट भी हो सकता था और एक बड़ी जनहानि हो सकती थी लेकिन दोनों वाहनों की सामने से हुई टक्कर में वाहनों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया है।

### जिले में 1043806 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

रीवा । खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 48 हजार 209 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही 31 मई तक की गई। केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि एक जून तक जिले में 10 लाख 43 हजार 806 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 84 प्रतिशत है।